**अतिक्रमण** | दुकानदारों के लिए नई जगह की तलाश, प्रशासन की सख्त कार्रवाई, वटवृक्ष के पास से हटाए गए अवैध कब्जे

# भुआबिछिया बस स्टैंड अतिक्रमण मुक्त, यात्रियों को जाम से राहत






**भुआ बिछिया 14 जून नभाप्र.** भुआ बिछिया नगर परिषद और स्थानीय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बस स्टैंड में फैले अतिक्रमण को हटा दिया। इस कार्रवाई से लंबे समय से यात्री वाहनों के आवागमन में बाधा बन रहे जाम से मुक्ति मिली है, हालांकि इससे प्रभावित छोटे दुकानदारों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता पर भी जोर दिया जा रहा है। बताया गया कि बस स्टैंड पर कई दुकानदारों ने नालियों के ऊपर निर्माण कर लिया था, जिससे दुकानों के सामने बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े रहते थे और यातायात बाधित होता था। इसके साथ ही वट वृक्ष के आसपास भी फल-फूल और मनिहारी के ठेले और दुकानें फैली हुई थीं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती थी। बस एसोसिएशन ने इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की थीं और आंदोलन भी किए थे, जिसके चलते बसों का संचालन कुछ समय के लिए मुख्य राजमार्ग से किया जाने लगा था। लेकिन समझौतावादी राजनीति के कारण स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ था।

### एसडीएम की अगुवाई में हुई कार्रवाई

शनिवार को बिछिया एसडीएम ने इस समस्या पर ध्यान देते हुए पूर्व में ही सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए थे। शनिवार सुबह तहसीलदार, पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के कर्मचारियों के सहयोग से बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। शुरुआती दौर में कुछ फल-फूल विक्रेताओं ने तहसीलदार के साथ गाली-गलौज और अपशब्दों का प्रयोग किया, लेकिन पुलिस प्रशासन, महिला पुलिस और नगर परिषद के कर्मचारियों की मौजूदगी में दिन भर यह कार्रवाई जारी रही। शाम तक बस स्टैंड पर लगे टीनशेड जो नालियों के बाहर निकल रहे थे और वट वृक्ष के आसपास की सभी दुकानें हटा दी गईं। एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार और पुलिस प्रशासन ने मिलकर वट वृक्ष के नीचे से भी सभी दुकानों को अलग करा दिया।

### वैकल्पिक व्यवस्था की मांग

इस कार्रवाई से बस स्टैंड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी, वहीं उन छोटे दुकानदारों जो अपनी रोजमर्रा की रोजी-रोटी ठेले-ठेली से कमाते थे उनके लिए नई चुनौती खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों और प्रशासन से यह मांग की जा रही है कि नगर परिषद को ऐसे दुकानदारों के लिए कोई वैकल्पिक स्थान या जगह मुहैया करानी चाहिए, जिससे उनका रोजगार चलता रहे।

### अतिक्रमण हटाने के बाद करा दी फैंसिंग



अतिक्रमण हटाने के बाद देर शाम तक तहसीलदार और बिछिया नगर परिषद के कर्मचारियों ने वट वृक्ष के आसपास फैंसिंग भी करा दी, जिससे भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की कोई गुंजाइश न रहे। इस पूरी कार्रवाई में तहसीलदार, नगर प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए कार्य किया। यह कार्रवाई बस स्टैंड से लेकर थाने तक और राजमार्ग पर होने वाले यातायात अवरोध को कम करने में सहायक होगी, जिससे आम जनता और राहगीरों को होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

# नीट में रितिका पटेल ने रचा इतिहास

**स्वअध्ययन से 546 अंक हासिल कर बढ़ाया गांव टिकरवारा का मान**



**मंडला 14 जून नभाप्र.** स्व-अध्ययन से नीट परीक्षा में रितिका पटेल की सफलता वास्तव में संघर्ष, समर्पण और सफलता की एक अद्वितीय गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएगी कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी मंजिल नामुमकिन नहीं। बताया गया कि आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के ग्राम टिकरवारा की रितिका पटेल ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा में 720 में से शानदार 546 अंक प्राप्त कर पूरे भारत में 13457वीं रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि न केवल उनके माता-पिता डीलन पटेल और आशिमा पटेल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि इसने समूचे ग्राम और क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है।

जानकारी अनुसार रितिका की यह सफलता इस मायने में और भी खास है कि उन्होंने सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद बिना किसी कोचिंग संस्थान की सहायता के पूरी तरह से स्व-अध्ययन के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया है। रितिका के पिता डीलन पटेल पेशे से एक टेलर हैं। आर्थिक परेशानियों के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी की शिक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी और हर परिस्थिति में उसका मनोबल बढ़ाया। रितिका ने दिन-रात कड़ी मेहनत की और अपने संकल्प, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह साबित कर दिया कि अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

बताया गया कि जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों की कई बेटियां संसाधनों के अभाव में अपने सपनों से समझौता कर लेती हैं, वहीं रितिका ने एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का विषय है, बल्कि समस्त टिकरवारा ग्राम और मंडला जिले के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखी जा रही है। गांव के लोगों में खुशी की लहर है और रितिका अब क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए एक सशक्त प्रेरणा स्रोत बन गई हैं।

# आदिवासी अधिकारों और भयमुक्त सुशासन की मांग बुलंद

**बालाघाट से मंडला पहुंची जन स्वाभिमान यात्रा**

**जल-जंगल-जमीन की रक्षा और विस्थापन पर रोक लगाने का आह्वान, जन स्वाभिमान यात्रा का मवई के पनारी खेड़ा में भव्य स्वागत**





**मंडला 14 जून नभाप्र.** जन संघर्ष मोर्चा महाकौशल द्वारा 9 जून से 24 जून तक निकाली जा रही जन स्वाभिमान यात्रा मंडला जिले के मवई ब्लॉक के पनारी खेड़ा गांव पहुंची, जहाँ ग्रामीणों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर बालाघाट से शुरू हुई थी और रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि तक चलेगी।

9 जून को बालाघाट से शुरू हुई यह यात्रा जो आदिवासी समुदायों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा, उनकी पुर्नस्थापना और ग्रामीण क्षेत्रों में भयमुक्त शांति व सुशासन के माहौल को स्थापित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, शनिवार 14 जून को मंडला जिले में प्रवेश की है। बताया गया कि पनारी खेड़ा में यात्रा में चल रहे बालाघाट के ग्रामीणों ने मवई ब्लॉक के पनारी खेड़ा के ग्रामीणों को जन स्वाभिमान यात्रा का बैनर सौंपा। इस अवसर पर पनारी खेड़ा गांव के आम ग्रामीणों के अलावा घुई टोला के सरपंच रन्नुप्रसाद और वनग्राम जंगली खेड़ा से लक्ष्मणसिंह धुर्वे व करणसिंह धुर्वे उपस्थित रहे। पनारी खेड़ा से यह यात्रा सरहदी ग्राम पंचायत इंद्री मनौरी की ओर रवाना हो गई। इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता विवेक पवार के साथ बालाघाट जिला पंचायत के सदस्य मंशाराम मंडावी शुरुआत से ही सक्रिय रूप से शामिल हैं। यह यात्रा बालाघाट और मंडला जिलों के आदिवासी बाहुल्य गांवों और वनग्रामों से गुजर रही है, जहाँ ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संकलित किया जा रहा है। इन संकलित समस्याओं को आगे चलकर जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। यात्रा का समापन 30 जून को मंडला में आयोजित जन स्वाभिमान सभा में होगा, जिसमें क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सभा में संवाद, समानता और संघर्ष के माध्यम से भविष्य की रणनीति घोषित की जाएगी।

# हाथों से कार्ड पर सुंदर लाइन लिखकर कहेंगे हैप्पी फादर्स-डे

## आज फादर्स-डे पर पापा को करेंगे विश, देंगे सरप्राइस, लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे पापा के साथ करेंगे मौज-मस्ती

**मंडला 14 जून नभाप्र.** जून माह के तीसरे रविवार को हर साल फादर्स- डे मनाया जाता है। यह दिवस पिता के लिए स्पेशल फील करने का दिन है। छोटे बड़े सभी बच्चे अपने पिता के प्रति प्यार जाहिर करने के लिए फादर्स डे को सेलीब्रेट करने की तैयारी कर ली है। कोई पापा के लिए अपने हाथों से कार्ड बनाए है और उसमें पापा को स्पेशल फील कराने के लिए सुंदर लाइन लिखे हैं, तो कुछ बेटियाँ फेवरेट फूड बनाकर पापा को खिलाएंगे तो कुछ बच्चे पापा की मनपसंद चीजें उपहार में देने के लिए प्लानिंग की हैं। कुछ घर पर ही सरप्राइज पार्टी करने के लिए तैयारियाँ कर चुके है।

चंदा ने पूछा तारों से, तारों ने पूछा हजारों से सबसे प्यारा कौन है पापा मेरे पापा, ईस्ट और वेस्ट पापा इस द बेस्ट कुछ ऐसी लाइन लिखने के लिए बच्चे अपने पापा को फादर्स डे विश करेंगे। जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाया जाता है, यह दिवस पिता के लिए स्पेशल फील कराने का दिन है, छोटे बड़े सभी बच्चे अपने पापा के प्रति प्यार जाहिर करने के लिए फादर्स डे को सेलिब्रेट करेंगे। इस डे को सेलिब्रेट करने के लिए बच्चों में उत्साह देखा जा रहा है।

### बेटियों में है ज्यादा उत्साह

बेटियां पापा की लाडली होती हैं तो वे फादर्स-डे की प्लानिंग कराने के लिए ज्यादा उत्साहित नजर आ रही है। पिता को सरप्राइज देंगे उपहार भेंट करेंगे। बेटियो का कहना है कि पापा उनके सपनों और ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए अपनी खुशियां कुर्बान कर देते है। इसलिए इस दिन हम पापा का सम्मान करेंगे और उनको सरप्राईज देकर फादर्स डे सेलिब्रेट करेंगे।



फादर्स डे मनाने के लिए वैसे तो कोई खास दिन की जरूरत नहीं होती है, हमारे लिए तो रोज ही फादर्स डे होता है फिर भी इस दिन को खास बनाने के लिए हम उनकी पसंद का केक बनाएंगे उनके साथ उनके पसंदीदा गेम्स खेलेंगे और रविवार होने के कारण उनके साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। हर साल इस दिन के लिए परिवार के सभी लोग मिलकर यादगार बनाने के लिए तैयार रहते हैं।

**संस्कृति सोनी, नैनपुर**



इस बार फादर्स डे पर पूरा दिन पापा के साथ बीताना चाहते हैं, शाम को अपने हाथों से बने केक से सरप्राइज के लिए प्लानिंग की है इसके लिए मम्मी की हेल्प लेंगे, पापा को बताएँगे कि हम उनसे कितना प्यार करते हैं। हमेशा पापा हम बच्चों की सभी विश पूरी करते हैं और हमेशा प्यार देते हैं फादर्स डे उनके लिए खास दिन है जो कि उनको स्पेशल फील कराने के लिए दिन को यादगार बनाएँगे।

**शुभी, आर्या श्रीवास्तव**

# दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

## मेजबान मंडला और रायसेन के बीच होगा पहला मुकाबला

**मंडला 14 जून नभाप्र.** आज रविवार को महात्मा गांधी स्टेडियम मंडला में मप्र फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल संघ मंडला के तत्वाधान में दक्षिण क्षेत्र जूनियर बालक अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। लीग आधार पर आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 22 जून तक होगी। प्रतियोगता में मप्र के आठ जिले की टीम भाग ले रही है। इसमें बालाघाट, जबलपुर, बैतूल, सिवनी, बुरहानपुर, रायसेन, छिंदवाड़ा और मेजबान मंडला की टीम शामिल है। प्रतियोगिता सचिव पंकज उसराठे ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 15 जून को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय कुशराम, नपा अध्यक्ष विनोद कछवाहा व पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा की उपस्थिति में होगा। पहला मैच मेजबान मंडला और रायसेन के बीच दोपह 2 बजे होगा। दूसरा मुकाबला दोपहर 3.30 बजे जबलपुर और सिवनी के बीच होगा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में नगर अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला फुटबॉल संघ के डॉ. दिलीप शर्मा, वेद प्रकाश कुलस्ते, अनिल सोनी, स्वामी शारदात्मानन्द, अन्नू वासल, चंद्रेश खरे, मुजवी हसन, देवेंद्र सरोते, बासु सिंधिया, प्रथम चौकसे, कुशल भवेदी सहित विभिन्न खेल प्रेमी उल्लेखीनय भूमिका का निर्वहन कर रहे है। आयोजन समिति ने जिले के समस्त फुटबॉल प्रेमियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।

# संभागायुक्त धनंजय सिंह ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**आईटीआई और सांदीपनि विद्यालय की गुणवत्ता पर जोर**

**नारायणगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एनआरसी का लिया जायजा, बेहतर उपचार और फॉलोअप के निर्देश**



**मंडला 14 जून नभाप्र.** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने विकासखण्ड नारायणगंज और बीजाडांडी के दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने नारायणगंज सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की ओपीडी और पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एनआरसी के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि एनआरसी में भर्ती सभी बच्चों का बेहतर उपचार करें, डिस्चार्ज के बाद भी संबंधित बच्चों का लगातार फॉलोअप कराएं, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त हों। संभागायुक्त ने 100 दिवसीय नि:क्षय भारत अभियान के दौरान नारायणगंज में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सेम्पलिंग आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि चिन्हित मरीजों का समुचित उपचार किया जाए। उन्होंने नारायणगंज स्वास्थ्य टीम द्वारा इस अभियान के तहत किए गए प्रयासों और उनके कार्यों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने ग्राम धनवाही में निर्माणाधीन आईटीआई एवं ग्राम कालपी में निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनि स्कूल भवन का निरीक्षण किया। धनवाही में उन्होंने निर्माण एजेंसी पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि विभागीय मैन्युअल व गाइडलाइंस अनुसार गुणवत्ता और टेस्टिंग मापदंडों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्माण कार्य किया जाए। ग्राम कालपी में निर्माणाधीन महर्षि सांदीपनि विद्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन भवन के अधीक्षण यंत्री द्वारा तकनीकी पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमकि विद्यालय कुड़ामैली का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को सीखने के लिए रखे गये उपकरणों को भी देखा। इस दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी, एसडीएम निवास शाहिद खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडला में सनातनी हुए एकजुट, धर्म परिवर्तन और हिंदू विरोधी गतिविधियों पर जताई चिंता



**मंडला 14 जून नभाप्र.** मंडला में शनिवार को सनातनियों का महासभा का आयोजन किया गया, जिसमें सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सनातनियों से अपील की कि धर्म समाज और हिंदुत्व के लिए काम करने वाला व्यक्ति ही सच्चा सनातनी है। खट्टर ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को केवल संस्कार ही नहीं, बल्कि धर्म और समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी देनी होगी। अपने उद्बोधन में गौतम खट्टर ने कहा कि सच के मार्ग पर चलने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इसका परिणाम सदैव संतोषजनक होता है। रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का जिक्र करते हुए उन्होंने इसे प्रेरणादायक बताया। उन्होंने देश में व्याप्त ऊंच-नीच, जात-पात और छुआछूत के मकड़जाल से बाहर निकलने और सभी सनातनियों को एक मंच पर आने का आह्वान किया। भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करने और भगवत गीता के सार को जीवन में अपनाने पर भी उन्होंने बल दिया, जिससे धर्म और समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध हो सके।

**बाईक चोर** | कोतवाली पुलिस का बड़ा खुलासा, 8 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद, 2 आरोपी गिरफ्तार

# व्यक्तिगत शौक पूरे करने के लिए करते थे चोरी, 2 नाबालिग भी शामिल



**मंडला 14 जून नभाप्र.** मंडला कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की गई 08 मोटरसाइकिलों को बरामद किया है। इस कार्यवाही में 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 02 नाबालिगों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस की इस तत्परता ने वाहन चोरी के मामलों का पर्दाफाश कर दिया है। जानकारी अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महिष्मति घाट, रपटा घाट एवं नेहरू पार्क क्षेत्र से विगत दिनों मोटरसाइकिल चोरी की कई घटनाएं दर्ज की गई थी, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई थी। इन घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी मंडला के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने सभी घटनाक्रमों का गहन विश्लेषण किया। इसके लिए घटनास्थलों का निरीक्षण, तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय सूचना संकलन और अन्य माध्यमों से सघन पड़ताल की गई। कड़ी मेहनत के बाद पुलिस ने संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। पकड़े गए युवकों से गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

बताया गया कि पकड़े गए युवकों से पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि वे अपने व्यक्तिगत शौक पूरे करने के लिए मोटरसाइकिलों की चोरी करते थे। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से कुल 08 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें 02 बजाज पल्सर, 02 हीरो सुपर स्प्लेंडर, 01 हीरो स्प्लेंडर प्लस और 03 होंडा सीडी डिलक्स शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान समीर यादव पिता रूपचंद यादव 18 वर्ष और आदित्य ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर 19 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों आरोपी छोटी खैरी मंडला के निवासी हैं। इसके साथ ही इन चोरी की वारदातों में 02 नाबालिग अपचारी बालकों की संलिप्तता भी पाई गई है, जिनके विरुद्ध संबंधित अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में उप निरीक्षक संजीव शर्मा, अशोक राणा, सहायक उप निरीक्षक खेमराज राणा, गुलजार मार्को, प्रधान आरक्षक उगेश सरोते, बलवंत तेकाम, नारायण सिंगरौरे, पूरन इडपाचे, आरक्षक अमित गरयार, रमेश सिंगरौरे, रज्जन तेकाम, सुंदर भलाबी, रामचंद्र कुर्वेती, दीपांशु जंघेला, आशीष धुर्वे एवं सुरेश भटेरे सायबर सेल मंडला शामिल रहे। मंडला पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# एनएच 30 में डंपर की टक्कर से दो युवक की मौत

**मंडला 14 जून नभाप्र.** एनएच 30 में ओरई ग्राम के पास भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गई, जिसके बाद बाइक में आग लग गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान मोहगांव सानी गांव निवासी संदीप 22 वर्ष पुत्र नैनसिंह भारतीय और श्यामलाल 24 वर्ष पुत्र बुद्धसिंह भारतीय के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार दोनों युवक माढ़मऊ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे और वापसी के दौरान यह दुर्घटना हुई। बिछिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि यह दुखद घटना विगत दिवस 12-13 जून की दरमियानी रात करीब तीन बजे घटी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों शवों को बिछिया अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

हेल्प लाईन-9713644800

आँखों का अस्पताल MKऑप्टिकल्स शोरूम

मनोज परते
ऑप्टोमेट्रिस्ट (नेत्र सहायक)
- कम्प्यूटर द्वारा आँखों की जाँच, चश्मे का नम्बर
- मोतियाबिंद की जाँच एवं ऑपरेशन
- आँखों से संबंधित सभी रोगों का ईलाज
- पावर, धूप व फैंसी चश्में बनाये जाते है

डॉ. अरूण वर्मा
त्वचा, चर्म रोग एवं सौंदर्य विशेषज्ञ
पूरे शरीर में खुजली, चेहरे के दाग, गडढे का ईलाज एवं त्वचा का कालापन। मुंहासे/मुंहासे के दाग, चेहरे की झाईयां, दाग, दाद, मसा, सिहुआ, सफेद दाग आदि का ईलाज, बालों का झड़ना, गंजापन, बाल सफेद होना व रूसी आदि का ईलाज।
15 मई गुरूवार, 5 जून गुरूवार व 19 जून गुरूवार को प्रातः 11 से 3 बजे तक उपलब्ध रहेगें

जनपद पंचायत कॉम्पलेक्स, शॉप नं. 2 बिंझिया तिराहा, मण्डला Mob.8085143049